# भा. कृ. अनु. प.- केंद्रीय मृदा लवणता अनुसंधान संस्थान
# क्षेत्रीय अनुसंधान केंद्र, भरूच

## बीएससी (कृषि) के छात्रों का भ्रमण

क्षेत्रीय अनुसंधान केंद्र, भरूच में दिनांक 4 ओक्टूबर 2023 को नवसारी कृषि विश्वविद्यालय के कॉलेज ऑफ़ एग्रीकल्चर भरूच, के 55 छात्र तथा शिक्षक डा. वैशाली सुर्वे, RAWE (Rural Agricultural Work Experience) के तहत भ्रमण के लिए आये| कार्यक्रम की शुरुआत ICAR गीत से हुई| सर्वप्रथम संस्थान के माननीय अध्यक्ष डा. अनिल चिन्च्मलात्पुरे द्वारा संस्थान के मुख्य उद्देश्य मृदा लवणता तथा संस्थान की उपलब्धियों के बारे में संक्षिप्त में बताया गया| इसके पश्चात संस्थान के वैज्ञानिक, डा. सागर विभुते द्वारा "ICAR and CSSRI at a Glance" विषय पर व्याख्यान दिया गया, जिसमें छात्रों को ICAR, इसके उद्देश्य, इसकी कार्यप्रणाली, इसके अंतर्गत आने वाले संस्थान तथा भारतीय कृषि में इसका योगदान आदि के बारे में बुनियादी जानकारी प्रदान की गयी| उनके द्वारा हमारे संस्थान,केंद्रीय मृदा लवणता अनुसंधान संस्थान तथा क्षेत्रीय अनुसंधान केंद्र, भरूच की संरचना, संस्थान के मुख्य उद्देश्य, चल रहीं अनुसंधान परियोजनाएं, विकसित तकनीकियों आदि के बारे में विस्तार से जानकारी प्रदान की गयी| इसके पश्चात डा. मोनिका शुक्ला द्वारा "अंतर्राष्ट्रीय पोषक अनाज वर्ष 2023" के उपलक्ष्य में "श्री अन्न: भारत के पोषक धान्य" विषय पर व्याख्यान दिया गया| उन्होंने अपने व्याख्यान में पोषक अनाज क्या हैं, भारत में पोषक अनाज की स्थिति, "अंतर्राष्ट्रीय पोषक अनाज वर्ष 2023"का महत्त्व, विभिन्न पोषक अनाज, इनके स्वास्थ्यवर्धक गुण तथा इनसे निर्मित विभिन्न प्रकार के व्यंजनों के बारे में छात्रों को बताया| उन्होंने छात्रों को पोषक अनाज को अपने भोजन में शामिल करने के लिए प्रेरित किया तथा कृषि छात्र होने के नाते इनके प्रचार प्रसार में अपना योगदान देने को कहा| इसके पश्चात छात्रों को केंद्र की मृदा तथा पौध परीक्षण शाला का भ्रमण कराया गया जहाँ उपस्थित तकनीशियन आकांक्षा विश्वकर्मा द्वारा परीक्षण शाला के विभिन्न उपकरणों तथा मृदा परीक्षण के बारे में बताया गया| छात्रों को डॉ अनिल चिन्च्मालात्पुरे द्वारा मृदा की लवणता, इसको मापने के पैमाने तथा परीक्षण की विधि के बारे में विस्तृत रूप से जानकारी दी गयी| छात्रों को मृदा नमूनों के संरक्षण हेतु बनाये गये संरक्षण कक्ष का भ्रमण भी कराया गया| इसके बाद सभी छात्रों को केंद्र के परिसर में बनाये गए भूजल पुनर्भरण संरचना (Ground water recharge structure) का भ्रमण वरी. तकनीकी अधिकारी श्री अक्षय कुमार द्वारा कराया गया तथा इसके निर्माण, कार्य आदि के बारे में विस्तृत जानकारी दी गयी| सभी छात्रों ने गहन रूचि के साथ पूरे कार्यक्रम में भाग लिया| कार्यक्रम का समापन छात्रों द्वारा धन्यवाद प्रस्ताव के साथ हुआ|


ICAR-CENTRAL SOIL SALINITY RESEARCH INSTITUTE, RRS, BHARUCH (GUJ.)


सुस्वागतम्
ICAR - CENTRAL SOIL SALINITY RESEARCH INSTITUTE


भा. कृ. अ. प.- केंद्रीय मृदा लवणता अनुसंधान संस्थान
क्षेत्रीय अनुसंधान केन्द्र
भरूच ३९२०१२ (गुजरात)
सुस्वागतम्
ICAR - CENTRAL SOIL SALINITY RESEARCH INSTITUTE
REGIONAL RESEARCH STATION, BHARUCH - 392012 (GUJARAT)
ICAR - CSSRI
Regional Research Station




NATIONAL



